150 रुपया दो और 25 मिनट में ले जाओ डेडबॉडी

पोस्टमार्टम कराने हो रही है सौदेबाजी

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. सुबह से इंतजार करते-करते थक गए हैं, अब तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ...कोई बात नहीं. अपनी सेटिंग हैं थोड़ा पैसा दो, जल्दी बॉडी बाहर करवा देंगें. कुछ इस तरह की डील आजकल हमीदिया अस्पताल का मर्चुरी के बाहर देखने को मिल रही है.

जहां एक तरफ एक्सीडेंट, सुसाइड या अन्य कारणों से जीवन खोने वालों की जब बॉडी आती है तो उनके शरीर को विदा करने के रुपए लगते है. ये जानकारी बीते दिनों एक निजी एम्बुलेंस चालक से डेडबॉडी को ले जाने के लिए हो रही बातचीत में सामने आई. ये बातचीत

बदहाल हमीदिया पार्ट 2

परिसर में खड़े प्राइवेट एंबुलेंस चालक और एक परिजन के बीच हुई. इन निजी शवगृह के अंदरूनी कर्मचारियों से एक मजबूत सांठगांठ का नेटवर्क सक्रिय है. ऐसे में अगर आप नियमों के अनुसार अपने शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर आते हैं और दूसरे व्यक्ति ने रुपए देकर इन चालकों से सेटिंग कर ली, तो आपका नंबर कब आएगा इसका तो नहीं पता, लेकिन 150 से 200 की सेटिंग करने वालों के द्वारा लाये गए शव का पीएम 25 से 30 मिनट करवाने का दावा है.

इनका कहना है...

आपके माध्यम से जानकारी मिली है, साक्ष्यों के आधार पर जो भी लोग इसमें शामिल हैं, उन पर ऐक्शन लिया जायेगा. संबंधित पुलिस चौकी में भी जानकारी देकर जांच करवाई जायेगी.
कविता एन. सिंह, डीन, जीएमसी

केस-2

रिपोर्टर- कोलार जाना है शव लेकर, चलोगे..
चालक- चल लेंगे बॉडी कहां है.
रिपोर्टर- अभी तो पोस्टमार्टम के लिए रखी है, कितना लोगे वैसे.
चालक- 1800 रुपए दे दो, दूरी ज्यादा है..
रिपोर्टर- कुछ कम करो और पोस्टमार्टम जल्दी करवाने का कोई सिस्टम है क्या..
चालक- पंचनामा हो गया है.
रिपोर्टर- हां हो गया है.
चालक- अंदर बात करवा देता हूं. जल्दी काम हो जाएगा.
रिपोर्टर- कैसे होगा काम जल्दी
चालक- अपनी सेटिंग है बस बॉडी का नाम बताओ, थोड़ा बहुत ले देके, सब हो जाएगा, 30 मिनट में बॉडी एंबुलेंस में लोड हो जाएगी.

ऐसे होती है जल्दी पीएम की सौदेबाजी (केस-1)

रिपोर्टर- समय बहुत लग रहा है, कितन टाइम लगेगा अभी नहीं पता.
चालक- बॉडी का पंचनामा हो गया है क्या.
रिपोर्टर- हां कुछ कागजी काम चल तो रहा था.हो ही गया है.
चालक- देख लो पंचनामा हो गया है तो बताओ.
रिपोर्टर- हां हो गया है पंचनामा, लेकिन अभी बॉडी का नंबर नहीं है.समय लगेगा पोस्टमार्टम में.
चालक- काम जल्दी हो जाएगा, थोड़ा खर्चा लगेगा.
रिपोर्टर- वो कैसे, कितना खर्च आएगा.
चालक- अंदर स्टॉफ से अपनी सेटिंग है, 150 से 200 में काम हो जाएगा और 25 मिनट में बॉडी बाहर निकलवा देंगे.

करणी सेना जिलाध्यक्ष की गुंडागर्दी, पुलिस पर हमला

दुस्साहस : रात तीन बजे शराब पीकर सड़क पर हुड़दंग करने से रोकने पर टूट पड़े गुंडे

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. शराब के नशे में रात तीन बजे सड़क पर हुड़दंग कर रहे श्री राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष हेमंत ठाकुर उर्फ राजपूत ने अपने साथियों के साथ मिलकर कमला नगर थाने के सब-इंस्पेक्टर सुनील इवनाती, आरक्षक दीपक शर्मा, हवलदार लोकेन्द्र पर हमला कर दिया.

दो पुलिसकर्मियों के चेहरे पर चोट आई है. अतिरिक्त बल बुलाकर बदमाशों को काबू में किया. उन्हें थाने लाया गया. रात

करीब चार बजे पुलिस को चकमा देकर दो बदमाश थाने से फरार हो गए. बुधवार को हेमंत का पुलिस ने जुलूस निकाला. मेडिकल जांच में उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है. थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे पुलिस टीम शाहपुरा इलाके से साइबर फ्रॉड के दो संदेहियों को हिरासत में लेकर थाने लौट रही थी. नेहरू नगर चौराहे के पास सड़क पर कुछ युवक शराब के नशे में हुड़दंग करते मिले. इसी दौरान वे अचानक पुलिस वाहन के सामने आ गए. हेमंत पुलिस के वाहन से टकरा गया. चालक एसआई सुनील इवनाती ने तत्काल वाहन नियंत्रित किया. उन्होंने युवकों को सड़क से हटने और इस तरह हुड़दंग न करने की नसीहत दी तो वे उलटे उनसे ही विवाद करने लगे. आरोपियों ने पुलिस वाहन रुकवा लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी. हेमंत ने धमकाया कि तुम मुझे नहीं जानते हो...तुम जैसे बहुत पुलिसकर्मी देखे हैं...स्थिति बिगड़ने पर वर्दी पहने आरक्षक दीपक शर्मा वाहन से नीचे उतरे तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर दी. इसके बाद सुनील इवनाती के साथ मारपीट की गई. किसी तरह आरोपियों को काबू कर उन्हें थाने लाया गया. पुलिस की पकड़ में आए आरोपियों में शामिल शकील मंसूरी और गौतम सोनाने मौका पाकर थाने से फरार हो गए. गुरुवार शाम पुलिस ने हेमंत का इलाके में जुलूस निकालकर कोर्ट में पेश किया, उसे जेल भेज दिया.

पहले भी पुलिस से भिड़ चुका हेमंत

हेमंत ठाकुर क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर और सटोरिया है. उसके खिलाफ 6 संगीन अपराध हैं. पुलिसकर्मियों से विवाद और अभद्रता के मामले में उसका नाम पहले भी सामने आ चुका है. पूर्व में टीटी नगर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक सुनील रघुवंशी और एक आरक्षक से भी उसकी झूमाझटकी हुई थी.

पीएचक्यू ने 4 मुख्य लिपिकों को पुराने पद पर भेजा

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. पीएचक्यू ने पदोन्नति पाने वाले चार पुलिस कर्मचारियों को उनके मूल पद पर वापस भेज दिया है. मुख्य लिपिक के पद पर पदोन्नत किए गए इन कर्मचारियों का प्रमोशन रिव्यू डीपीसी में समीक्षा के बाद निरस्त किया गया है.

पीएचक्यू की कार्मिक शाखा ने इस संबंध में आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार धार स्थित 34वीं बटालियन के शैलेष मेड़ा, रतलाम डीपीओ के रामगोपाल वर्मा, शहडोल डीपीओ के धर्म सिंह परस्ते और पचमढ़ी पीटीएस में पदस्थ प्रेमलता धुर्वे को मुख्य लिपिक पद से रिवर्ट कर मूल पद पर भेजा गया है. इन सभी को 13 जुलाई को आंकिक या कार्यवाहक मुख्य लिपिक के पद से मुख्य लिपिक पद पर पदोन्नति दी गई थी. प्रमोशन के बाद पीएचक्यू की प्रशासन शाखा को करीब 6000 शिकायतें मिली थीं. जांच में नियमों के विपरीत हुई पदोन्नतियों को लगातार निरस्त किया जा रहा है. इससे पहले 78 निरीक्षकों, रिजर्व निरीक्षकों और एसएएफ के कर्मचारियों को भी रिवर्ट किया जा चुका है.

फर्जी बिजली अधिकारी बनकर ठगे 5 लाख

साइबर ठगों ने चार अलग-अलग लोगों से 6.80 लाख ऐंठे

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं. शहर में सामने आए चार मामलों में ठगों ने बिजली बिल अपडेट करने, नौकरी के लिए आवेदन और होटल बुकिंग के नाम पर करीब 6.80 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली.

विद्या नगर, बागसेवनिया निवासी डॉ. केके गिडवानी (72) ने पत्नी मीना गिडवानी के साथ हुई ठगी की एफआईआर दर्ज कराई है. आरोपी ने बिजली विभाग का अधिकारी बनकर उपभोक्ता क्रमांक अपडेट करने के नाम पर लिंक भेजी. लिंक खोलने के बाद बैंक खाते और कार्ड से अलग-अलग लेनदेन के जरिए 4,99,555.04 रुपए निकाल लिए गए. उन्हें 12 रुपए नहीं जमा करने पर बिजली काटने की धमकी दी गई. इसी तरह फालह खान (26), निवासी डी-15, बाग उमराव दुल्हा ने शिकायत में बताया कि उन्होंने एक वेबसाइट पर नौकरी के लिए आवेदन किया था. उन्हें डेबिट कार्ड की जानकारी भरने के लिए लिंक भेजी गई. इसके बाद खाते से 74,659.18 रुपए निकल गए.

एक संदेश भेजकर खुलवाई लिंक

चूनाभट्टी निवासी गोपाल सिंह ने बताया कि बिजली बिल जमा नहीं होने का संदेश भेजकर एक लिंक खुलवाई गई. लिंक पर क्लिक करते ही खाते से 1.06 लाख रुपए निकाले गए. विवेक गंगेले निवासी एचआईजी-बी-230, स्वामी विवेकानंद परिसर, कटारा हिल्स, ने त्र्यंबकेश्वर में कमरा बुक कराने के लिए ऑनलाइन संपर्क किया था. क्यूआर कोड से 9,120 रुपए भेजने के बाद रकम वापस करने के नाम पर पेटीएम में एक कोड डलवाया. इसके बाद 52,006 रुपए और निकल गए.

फर्जी पासपोर्ट मामले में दलाल गिरफ्तार

08 फर्जी पासपोर्ट बनवाने की बात कबूली

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. प्रदेश में 100 से अधिक बने फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच कर रही स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरुवार को पांचवें आरोपी नसीम अख्तर को करोंद इलाके से गिरफ्तार किया है. एसटीएफ के मुताबिक नसीम वर्ष 2016 से भोपाल में रह रहा था.

शुरुआती दौर में वह ट्रक और यात्रा संबंधी कारोबार से जुड़ा था. बाद में एमपी नगर में

यात्रा और पर्यटन एजेंसी चलाने के साथ पासपोर्ट एजेंट (दलाल) के रूप में भी काम करने लगा. पूछताछ में उसने बताया कि भोपाल स्थित पासपोर्ट कार्यालय के बाहर उसकी मुलाकात मेतानंद उर्फ रियाल चौधरी से हुई थी. उसके इशारे पर उसने अलग-अलग लोगों के फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर ऑनलाइन पासपोर्ट आवेदन किए. उसने करीब आठ पासपोर्ट बनवाने की बात स्वीकार की है. हालांकि एसटीएफ को आशंका है कि जांच आगे बढ़ने पर इससे अधिक मामलों का खुलासा हो सकता है.

जांच में नसीम का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है. एसटीएफ के अनुसार नागपुर पुलिस उसे वर्ष 2023 में धोखाधड़ी, जालसाजी और विदेशी नागरिक अधिनियम से जुड़े मामले में गिरफ्तार कर चुकी है. फिलहाल वह जमानत पर था. गिरोह पहचान छिपाने के लिए फोटो पहचान पत्रों पर लगी तस्वीरों को धुंधला कर देता था.

छात्रा ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भोपाल. अवधपुरी इलाके में बीटेक छात्रा ने बुधवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी कर ली. पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है. जानकारी के मुताबिक छात्रा सौम्या तिवारी (20) निजी कॉलेज में इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी. वह बीडीए रोड अवधपुरी में रहती थी. सौम्या के पिता बैंक कर्मचारी हैं और यूपी में पदस्थ हैं. घर पर सौम्या और उसका भाई रहता था. देर रात को सौम्या का भाई बाहर से जब घर से आया. तो उसने फंदे पर सौम्या को लटकते देखा. भाई ने तुरंत ही फंदे से उतार कर सौम्या को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

बदमाश रूसी का जुलूस निकाला

जुआ के अड्डे पर छापे के दौरान हो गया था फरार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 17 सितंबर. क्राइम ब्रांच ने जुआ खिलाने वाले फरार चल रहे बदमाश रूसी और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है. गुरुवार को गिरफ्तारी के बाद बजरिया क्षेत्र में जुलूस निकाला गया. रूसी के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 20 मामले दर्ज हैं.

पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी रूसी, उबैद बल्ली और बडाला को गिरफ्तार किया गया. क्राइम ब्रांच के अधिकारी आरोपियों से पूछताछ कर मामले

से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रहे हैं. बजरिया में जुए की फड़ की सूचना क्राइम ब्रांच को मिली. दो दिन पहले क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर कथित बड़े जुए की फड़ का खुलासा किया. कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी रूसी फरार हो गया था, जिसकी तलाश की जा रही थी. पुलिस की इलाके में कार्रवाई के बाद जुआ गतिविधियों से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है.

छेड़छाड़ के आरोपी को 5 साल की सजा

भोपाल. नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले दोषी को जिला कोर्ट ने गुरुवार को 5 साल की सजा सुनाई. कोर्ट ने एक लाख रूपए मुआवजा नाबालिग को देने का आदेश भी जारी किया है. प्रकरण में शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और नवीन श्रीवास्तव ने पैरवी की. न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने पॉक्सो एक्ट में आरोपी कुलदीप साहू को 5 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. मामला 12 नवंबर 2024 निशातपुरा थाने का है. नाबालिग देर शाम को अपने घर की छत पर खेल रही थी. तभी कुलदीप साहू आया और पढ़ाई का बोलकर उसे अपने रूम मे लेकर गया.

अस्पताल शुरू होने से पहले ही लाखों का सामान चोरी

भोपाल. छोलामंदिर क्षेत्र में अस्पताल शुरू होने से पहले ही चोरों ने धावा बोलकर 30-40 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया. पुलिस के अनुसार, शिव नगर निवासी सोनम देवी का 80 फीट रोड पर 55 बिस्तरों का सरस्वती मल्टी हॉस्पिटल है. अस्पताल का पंजीयन अभी प्रक्रिया में है और सड़क पर मरम्मत कार्य के कारण अस्पताल शुरू नहीं हुआ है. 31 अगस्त को उनका बेटा अस्पताल गया था, तब सब सामान सुरक्षित था. 13 सितंबर को अस्पताल पहुंचने पर सामान और मशीनें बिखरी मिलीं. ऑफिस से सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, दो कंप्यूटर, टीवी और दो प्रिंटर चोरी मिले.

दिल्ली रेस्टोरेंट, चाय सुट्टा बार पर कार्रवाई

खाद्य लाइसेंस और फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड की रेस्टोरेंटों में कमियां मिलीं

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 17 सितंबर. खाद्य सुरक्षा विभाग ने लालघाटी और आसपास के क्षेत्रों में कई रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान लालघाटी स्थित दिल्ली रेस्टोरेंट में खाद्य लाइसेंस, पेस्ट कंट्रोल प्रमाण पत्र और फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित नहीं मिले.

किचन में भी सफाई की कमी मिली. विभाग ने मूंगदाल, मूंगफली और आटे के नमूने जांच के लिए लिए हैं. फूड एंड फ्लेवर्स चाय सुट्टा बार में किचन छोटा

पाया गया. पेस्ट कंट्रोल और कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं मिले. पानी की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी. शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थों के लिए अलग फ्रीजर की व्यवस्था भी नहीं मिली. सुरवाना रेस्टोरेंट में खुले डस्टबिन और कर्मचारियों के मेडिकल प्रमाण पत्र से जुड़ी कमी मिली. वहीं होटल इम्पीरियल सांवरे में कोई खाद्य सुरक्षा संबंधी विशेष अनियमितता नहीं मिली.

ड्रैगन हाउस का बार लाइसेंस निरस्त

भोपाल. ड्रैगन हाउस होटल एवं रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई का दायरा बढ़ गया है. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य लाइसेंस निलंबित किए जाने के बाद अब आबकारी विभाग ने भी यहां संचालित बीयर बार और बार का लाइसेंस निरस्त कर दिया है. खाद्य सुरक्षा विभाग ने अनियिममितताएं मिलने पर दो दिन पहले ड्रैगन हाउस होटल एवं रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन आगामी आदेश तक निलंबित किया था. इसके बाद आबकारी विभाग ने अपने स्तर पर जांच और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए होटल में संचालित बीयर बार और बार के लिए आबकारी अधिनियम के तहत जारी लाइसेंस निरस्त कर दिए.

टीईटी में 5 अक्टूबर तक कर सकते है आवेदन

भोपाल. शिक्षक पात्रता परीक्षा में शिक्षकों के आवेदन की धीमी रफ्तार को देखते हुए कर्मचारी मंडल ने एक बार फिर आवेदन की तिथि बढ़ाकर 5 अक्टूबर कर दी है. बता दें कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 21 सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई थी. जिसे पहले बढ़ाकर 18 सितंबर किया गया था. लेकिन अब तक केवल 19100 शिक्षकों द्वारा ही पात्रता परीक्षा के लिए अपना पंजीयन कराने के कारण दूसरी बार तारीख बढ़ा दी गई है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने अब माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को इस परीक्षा का जिम्मा सौंपा है.

प्रॉपर्टी डीलर के घर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 17 सितंबर. कजलीखेड़ा पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के घर पर फायरिंग करने वाले एक इनामी बदमाश अजय बोर्डे को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने रंजिश को लेकर अपने साथी आरोपी जीतू यादव के साथ वारदात की थी.

पुलिस के मुताबिक वारदात करने वाले अजय बोडे उर्फ गनपत (26) निवासी हिनोतिया आलम को गिरफ्तार किया गया. 26 अगस्त को प्रॉपर्टी डीलर अजय बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी. अजय ने पुलिस को बताया कि वह रात में अपने घर पर सो रहा

था. तभी अचानक घर के बाहर फायर होने कि आवाज आई. खिड़की से घर के बाहर देखा तो आरोपी जीतू यादव उर्फ दुर्गेश यादव और उसके साथ अजय बोर्डे उर्फ गनपत दिखाई दिया. जीतू यादव पिस्टल लिए था. जैसे ही उसने फरियादी को खिड़की पर खड़ा देखा तो अपनी पिस्टल से फायरिंग कर दी. जीतू फरार है.

यातायात ट्रैफिक पुलिस ने पीएचक्यू को भेजा प्रस्ताव

शहर में हो रहे सड़क हादसे, 5 ब्लैक स्पॉट हुए कम

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 17 सितंबर. राजधानी में एक साल में सितंबर 2025 से सितंबर 2026 में अब तक करीब 2 हजार हुए सड़क हादसों में करीब 140 लोगों ने अपनी जान गंवाई है. शहरभर में कुल 16 स्थान हैं, जहां आए दिन हादसे होते है.

इनमें से अब ऐसे 5 स्थानों को ब्लैक स्पॉट की सूची से हटाने का प्रस्ताव ट्रैफिक पुलिस ने पीएचक्यू को भेजा है. इन स्थानों में चिरायु अस्पताल, बेस्ट प्राइज तिराहा, डीबी मॉल, समरधा ब्रिज और तरुण पुष्कर के नाम शामिल किए

गए हैं. इस स्थानों पर बीते तीन सालों में हादसों की संख्या कम रही है. ट्रैफिक पुलिस ने इस स्थानों पर साइन बोर्ड, रंबल स्ट्रिप्स , उचित रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, अतिक्रमण को हटाने के साथ ही ब्लिंकर लाइट लगाया. इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करने वाले एक लाख 12 हजार वाहन चालकों पर एक साल में चालानी कार्रवाई की गई है. वर्तमान में भोपाल में 11 स्थान, जिसमें गोविन्दपुरा में टर्निंग-आईएसबीटी, रत्नागिरी तिराहा, 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर, कोर्ट चौराहा-पर्यावास तिराहा, आशिमा मॉल के सामने, पीपुल्स अस्पताल से पौपुल्स मॉल के सामने तक, व्यापम चौराहा, बागसेवनिया थाना चौराहा और प्लेटिनम प्लाजा-अटल पथ, 1250 चौराहा ब्लैक स्पॉट बने हुए हैं.

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, किसी चौराहे या सड़क के हिस्से को ब्लैक स्पॉट घोषित करने का एक निश्चित रुपरेखा तय है. इसके तहत, राष्ट्रीय राजमार्ग या किसी भी मुख्य सड़क का 500 मीटर का दायरा ब्लैक स्पॉट माना जाता है. अगर यदि पिछले 3 साल (कैलेंडर वर्ष) के दौरान वहां कम से कम 5 सड़क दुर्घटनाएं हुई हों, जिनमें मौतें या गंभीर चोटें शामिल हों या फिर कम से कम 10 मौतें सभी दुर्घटनाओं को मिलाकर हुई हों.

> शहरभर में ब्लैक स्पॉटों पर ट्रैफिक पुलिस ने काम किया है. सूची में से 5 चिन्हित स्थानों को हटाने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा गया है. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस का प्रयास लगातार जारी है. **बसंत कुमार कौल,** प्रभारी डीसीपी यातायात

शिक्षक अभ्यर्थियों ने मांगी इच्छामृत्यु

28 दिनों से जारी है आंदोलन

7 दिन से भूख हड़ताल पर है एक अभ्यर्थी

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 17 सितंबर. प्रदेश में सैकड़ों अभ्यर्थियों के दवारा लगातार 28 दिनों से वर्ग 2 और 3 में पद वृद्धि को लिए प्रदर्शन किया जा रहा है. वहीं पिछले तीन दिनों से ये प्रदर्शन डीपीआई परिसर के बाहर प्रदर्शन जारी है.

7 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे नरेंद्र राजपूत के कहने पर अभ्यर्थियों ने गुरुवार को खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री,

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राज्यपाल और राष्ट्रपति से उनकी इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है. नरेंद्र राजपूत का कहना है कि सात दिन से उन्होंने अन्न और जल ग्रहण नहीं किया, उनकी तबियत लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन उनके कोई सुनवाई नहीं हो रही है. गुरुवार को आंदोलनकारियों द्वारा खून से लिखे पत्र में शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होने का जिक्र किया गया है.

राजपूत ने बताया कि पदवृद्धि का आश्वासन देकर पहले भूख हड़ताल खत्म कराई गई थी. लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ. इसी वजह से उन्हें दोबारा भूख हड़ताल पर बैठ गये. वहीं अभ्यर्थियों ने अपने ज्ञापन में दावा किया है कि स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में बड़ी संख्या में शिक्षक पद रिक्त हैं. उन्होंने पूर्व की 2018 और 2022 की शिक्षक भर्ती में पद बढ़ाकर अतिरिक्त काउंसलिंग कराए जाने का भी हवाला दिया है.